PRINT

# दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 342873 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 9.7 .2026 | पृष्ठ सं. (Page No.) p 12 | क्रम सं. (Serial No.) 03 |


# हवाई अड्डों पर यात्री सुविधाएं और सुरक्षा होगी मजबूत

- गृह मंत्री अमित शाह ने समीक्षा बैठक के बाद दिए अहम निर्देश
- 2027 तक राज्य मुख्यालयों में एफआरआरओ कार्यालय खुलेंगे

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** देश में हवाई यात्रा करने वालों की बढ़ती संख्या को देखते हुए केंद्र सरकार ने यात्री सुविधाओं को बेहतर करने के लिए त्वरित तरीके से काम करने का फैसला किया है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु के साथ प्रमुख हवाई अड्डों पर यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था एवं आप्रवासन प्रणाली की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में गृह सचिव, नागरिक उड्डयन सचिव, सीआइएसएफ महानिदेशक और एएआइ अध्यक्ष सहित दोनों मंत्रालयों के अधिकारी शामिल हुए।

गृह मंत्री ने सभी हवाई अड्डों पर चरणबद्ध तरीके से आटोमैटिक ट्रे रिट्राइवल सिस्टम (एटीआरएस) लागू करने का निर्देश दिया। नए हवाई अड्डों में इस सिस्टम को अनिवार्य रूप से स्थापित करने के मापदंड तय किए जाएंगे। इससे मानव संसाधन लागत में काफी कमी आएगी। यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए एयरपोर्ट के हर टच-प्वाइंट (एंट्री लेन, चेक-इन काउंटर, सुरक्षा जांच और आप्रवासन काउंटर) के बीच समन्वित योजना तैयार की गई है। इसमें यात्रियों के आवागमन में किसी भी प्रकार का अवरोध न हो, इसका ध्यान रखा गया है।



नई दिल्ली में बुधवार को हवाई अड्डों से जुड़ी समीक्षा बैठक के दौरान गृह मंत्री अमित शाह, उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु (बाएं से तीसरे) व अन्य • पीआइबी

सरकार की योजना 21 निर्माणाधीन और 41 अन्य हवाई अड्डों सहित कुल 62 हवाई अड्डों को अगले दो वर्षों में नया रूप देते हुए विकसित करने की है। विकास की प्राथमिकता यात्रियों की आवाजाही के आधार पर तय होगी। यात्री सुविधाएं बीसीएएस सुरक्षा मापदंडों के अनुसार बढ़ाई जाएंगी। सभी हवाई अड्डों के लिए एरोब्रिज की संख्या निर्धारित करने के मानदंड तैयार किए जाएंगे। बैगेज ड्राप सुविधा प्रमुख 16 हवाई अड्डों के अलावा अन्य उच्च ट्रैफिक वाले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। विदेशी नागरिकों का पंजीयन करने वाले क्षेत्रीय कार्यालय (एफआरआरओ) वर्ष 2027 तक राज्य मुख्यालयों में स्थापित किए जाएंगे। गृह मंत्री ने अगरतला और जेवर हवाई अड्डों पर अधिकृत आप्रवासन जांच चौकियां शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं। यह फैसला भी हुआ है कि बाहर से आने वाले नागरिकों के लिए शीघ्रता से इमिग्रेशन संबंधी प्रक्रिया एफटीआइ-टीटीपी को लोकप्रिय बनाने के लिए एयरलाइनों के सहयोग से यात्रियों को पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय टिकट बुकिंग के समय यात्रियों को वाट्सएप संदेश भेजकर एफटीआइ-टीटीपी पर रजिस्ट्रेशन का अनुरोध किया जाएगा।